भारत सरकार
खान मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. †2975
दिनांक 17.12.2025 को उत्तर देने के लिए

ओडिशा के जाजपुर जिले में खदानें और उनके सीएसआर कार्यकलाप

†2975. डॉ. रबीन्द्र नारायण बेहेराः

क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा राज्य के जाजपुर जिले में स्थित खदानों की सूची क्या है;
(ख) उन खदानों के द्वारा किए गए कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) कार्यकलापों के प्रकार का ब्यौरा क्या है;
(ग) व्यय का परियोजना-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) इसके लिए भविष्य के प्रावधान और बजट का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कोयला और खान मंत्री
(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): ओडिशा के जाजपुर जिले में प्रमुख खनिजों की दस (10) कार्यशील खानें हैं, जिनका ब्यौरा अनुलग्नक I में दिया गया है।

(ख) और (ग): कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार, एमसीए 21 रजिस्ट्री में कंपनियों द्वारा दायर सीएसआर से संबंधित सभी डेटा परियोजना-वार सहित पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है और www.csr.gov.in पर देखा जा सकता है। रजिस्ट्री के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 से वित्त वर्ष 2023-24 तक के वर्षों के लिए ओडिशा के जाजपुर जिले में विकास क्षेत्र-वार सीएसआर व्यय का ब्यौरा अनुलग्नक II में दिया गया है।

(घ): कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार, सीएसआर एक बोर्ड-संचालित प्रक्रिया है और कंपनी के बोर्ड को अपनी सीएसआर समिति की सिफारिश के आधार पर कंपनी के सीएसआर कार्यकलापों की योजना बनाने, निर्णय लेने, निष्पादन और निगरानी

करने का अधिकार प्राप्त है। बोर्ड को यह सुनिश्चित करना होता है कि अनुमोदित राशि सौंपे गए कार्यकलाप (कार्यकलापों) पर ही व्यय की गई है। यदि कोई राशि व्यय नहीं की जाती है तो ऐसी राशि निर्धारित समय-सीमा में अनुसूची VII में नामित निधि (निधियों) में अंतरित की जाएगी। सीएसआर ढांचे के तहत, कंपनियों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ स्थानीय क्षेत्र की प्राथमिकताओं को संतुलित करने की आवश्यकता है। सरकार किसी विशेष क्षेत्र या कार्यकलाप में व्यय करने के लिए कंपनियों को कोई निदेश जारी नहीं करती है।

*****

अनुलग्नक I

क्र. सं.	जिला	सर्किल	खनिज	पट्टेदारों का नाम	पट्टे का स्थान
1	जाजपुर	जाजपुर	लौह	ओ.एम.सी. लिमिटेड	दैतरी
2	जाजपुर	जाजपुर	क्रोमाइट	बालासोर अलॉयज लिमिटेड	कालियापानी
3	जाजपुर	जाजपुर	क्रोमाइट	आईएमएफए लिमिटेड	कालियापानी
4	जाजपुर	जाजपुर	क्रोमाइट	जिंदल स्टेनलेस	कालियापानी
5	जाजपुर	जाजपुर	क्रोमाइट	टाटा स्टील लिमिटेड	कामर्दा
6	जाजपुर	जाजपुर	क्रोमाइट	फेसर लिमिटेड	ओस्तापाल
7	जाजपुर	जाजपुर	क्रोमाइट	टाटा स्टील लिमिटेड	सरुआबिल
8	जाजपुर	जाजपुर	क्रोमाइट	ओ.एम.सी. लिमिटेड की दक्षिण कलियापानी क्रोमाइट खानें	दक्षिण कालियापानी
9	जाजपुर	जाजपुर	क्रोमाइट	आईएमएफए लिमिटेड	सुकिंडा (महागिरी)
10	जाजपुर	जाजपुर	क्रोमाइट	ओ.एम.सी. लिमिटेड	सुकरंगी

अनुलग्नक II

वित्त वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक ओडिशा के जाजपुर जिले में विकास क्षेत्र-वार सीएसआर व्यय

(राशि करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	क्षेत्र जिसमें परियोजना शामिल है	वित्त वर्ष 2021-22	वित्त वर्ष 2022-23	वित्त वर्ष 2023-24
1	पशु कल्याण	0.14	0.18	0.28
2	कला और संस्कृति	0.16	0.48	1.52
3	प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण	-	-	0.03
4	शिक्षा	0.63	2.79	1.63
5	पर्यावरणीय संवहनीयता	1.52	1.43	2.21
6	स्वास्थ्य देखभाल	1.00	1.95	19.18
7	आजीविका संवर्धन परियोजनाएं	1.07	0.82	0.77
8	गरीबी, भुखमरी उन्मूलन, कुपोषण	0.01	8.03	0.14
9	ग्रामीण विकास परियोजनाएं	2.95	9.27	4.49
10	सुरक्षित पेयजल	0.47	0.31	0.47
11	स्वच्छता	-	0.26	0.13
12	अनाथाश्रम की स्थापना	-	0.11	-
13	मलिन बस्तीक्षेत्र का विकास	0.02	-	-
14	सामाजिक-आर्थिक समानता	2.56	0.00	0.04
15	खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण	0.21	2.93	6.13
16	व्यावसायिक कौशल	0.17	1.50	0.78
17	महिला सशक्तीकरण	0.39	0.01	0.01
कुल		11.30	30.07	37.81